ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow
(Uttar Pradesh State Government University)

पत्रांकः 1237 /भाविवि/कुसका/2026

दिनांकः 25 जून, 2026

## कार्यालय–आदेश

संज्ञान में आया है कि कतिपय शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी सक्षम स्तर से बिना अवकाश स्वीकृत कराये अवकाश पर चले जाते हैं। इससे विश्वविद्यालयीय कार्यों के निष्पादन में व्यवधान उत्पन्न होता है। यह कार्य प्रणाली किसी भी शैक्षणिक संस्थान के हित में नहीं है। इस पर माननीय कुलपति जी द्वारा घोर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 08–07–2026 को विश्वविद्यालय का 11वां दीक्षान्त समारोह आयोजित होना निर्धारित है। माननीय कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में यह अपेक्षित है कि कोई भी शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारी बिना सक्षम स्तर से अवकाश स्वीकृत कराये मुख्यालय न छोड़े एवं अवकाश पर न जाएं जिससे विश्वविद्यालय के कार्यों को सुचारू एवं समयबद्ध रूप से सम्पादित किया जा सके एवं उनमें व्यवधान उत्पन्न न हो।

माननीय कुलपति जी के उक्त आदेशों का अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित किया जाये तथा इसमें कोई भी शिथिलता न बरती जाये अन्यथा सम्बन्धित के विरूद्ध विश्वविद्यालय नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी जिसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगा।

(विकास)
कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक उपरोक्त।
**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. वैयक्तिक सहायक कुलपति कार्यालय को माननीय कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. समस्त अधिकारीगण/समस्त शिक्षकगण/समस्त कर्मचारीगण।
3. समस्त संकायाध्यक्ष/समस्त विभागाध्यक्ष/विषय प्रभारी।
4. वेबसाइट एडमिनिस्ट्रर।
5. सम्बन्धित पत्रावली।

24.6.2026
कुलसचिव